

# पाठ मूल्यांकन
# अभ्यास

पाठ 4 बुद्ध की करुणा

## पाठ-चर्चा Textual Literacy

**बताओ—**

**Speaking Skills**

1. कौन, किससे, क्या ज़िद कर रहा था?
उ. दयामित्र सिद्धार्थ से शिकार खेलने की ज़िद कर रहा था।

2. तीनों मित्रों ने कंधों पर क्या लिया हुआ था और क्यों?
उ. तीनों मित्रों ने शिकार खेलने के लिए अपने-अपने कंधों पर धनुष-बाण लिए हुए थे।

3. दयामित्र ने सिद्धार्थ की किस बात का विरोध किया?
उ. दयामित्र ने सिद्धार्थ द्वारा बकरी पर निशाना न लगाए जाने की बात का विरोध किया।

4. दयामित्र घायल बकरी पर दोबारा निशाना क्यों लगवाना चाहता था?
उ. दयामित्र और विश्वमित्र के बीच जीत-हार का और श्रेष्ठ निशानेबाज़ का निर्णय हो सके, इसलिए वह घायल बकरी पर दोबारा निशाना लगवाना चाहता था।

**लिखो—**

**Writing Skills**

**क. कुछ शब्दों में in a few words—**

1. दयामित्र किस निर्णय तक पहुँचना चाहता था?
उ. दयामित्र अपनी और विश्वमित्र की हार-जीत के निर्णय तक पहुँचना चाहता था।

2. दयामित्र के द्वारा तीर छोड़े जाने का परिणाम क्या रहा?
उ. दयामित्र के द्वारा तीर छोड़ने से बकरी घायल हो गई।

3. पाठ में जीत किसकी हुई और उसने क्या जीता?
उ. इस पाठ में सिद्धार्थ की करुणा की जीत हुई। उसने विहाग का मुकुट जीता।

**ख. अधिकतम शब्दों में in maximum words—**

1. सिद्धार्थ ने किस दृश्य को सुंदर कहा था?
उ. पहाड़ी की हरी-हरी ढाल, ऊपर वृक्षों की आड़ से झाँकता हुआ सूरज, नीचे जलाशय के एक किनारे सोई हुई छाँह और दूसरे किनारे सोई हुई धूप—यह दृश्य सिद्धार्थ को बहुत सुंदर लग रहा था।

2. निशानेबाज़ी में जीतनेवाले को कौन, क्या पुरस्कार देता?
उ. दयामित्र और विश्वमित्र के बीच हो रहे निशानेबाज़ी के खेल में, जीतनेवाले को विहाग स्वयं का बनाया फूलों का मुकुट पुरस्कार में देता।

3. सिद्धार्थ शिकार क्यों नहीं खेलना चाहते थे?
उ. सिद्धार्थ के मन में सबके प्रति करुणा थी। वे अहिंसा के उपासक थे। उनका ध्यान प्रकृति की छटा निहारने में लगा हुआ था, इन सब कारणों से वे शिकार नहीं खेलना चाहते थे।

4. सिद्धार्थ किसे बचाना चाहते थे और क्यों?
उ. सिद्धार्थ बकरी को बचाना चाहते थे क्योंकि वह तीर लगने से घायल हो चुकी थी। वह लहूलुहान थी और उसे सहायता की ज़रूरत थी। सिद्धार्थ किसी भी जीव की रक्षा करना अपना परम कर्तव्य समझते थे।

लिए किसी को किसी की जान लेने का कोई अधिकार नहीं है इसलिए हम शिकार नहीं करना चाहिए।

3. किन गुणों को अपनाकर सिद्धार्थ महात्मा बुद्ध बने?

उ. सत्य, अहिंसा, त्याग, परोपकार, दया, करुणा आदि गुणों को अपनाकर सिद्धार्थ महात्मा बुद्ध कहलाए।

## भाषा-सरिता Language

**Thinking Skills**

1. **उचित विरामचिह्न लगाकर वाक्य दोबारा लिखो—**

| | |
|---|---|
| **क.** चलो देखें क्या है | चलो, देखें क्या है! |
| **ख.** अरे तुमने यह क्या कर डाला | अरे! तुमने यह क्या कर डाला। |
| **ग.** शहर से कितने लोग आ रहे हैं | शहर से कितने लोग आ रहे हैं? |
| **घ.** मैं तुम्हारी तरह भगोड़ा नहीं हूँ | मैं तुम्हारी तरह भगोड़ा नहीं हूँ। |
| **ङ** अंकुर श्याम इकबाल और रोज़ी आए हैं | अंकुर, श्याम, इकबाल और रोज़ी आए हैं। |
| **च.** न जाने कौन-कौन बैठे थे | न जाने कौन-कौन बैठे थे। |
| **छ.** वाह वाह हम जीत गए | वाह! वाह! हम जीत गए। |
| **ज.** तुम कब आए | तुम कब आए? |

2. **उचित विशेषण शब्द भरकर वाक्य पूरे करो—**

**क.** जंगल में ····ठंडी-ठंडी···· हवा चल रही थी।

**ख.** सिद्धार्थ के ····लंबे···· बाल थे।

**ग.** उन्होंने ····लाल···· रंग के कपड़े पहने हुए थे।

**घ.** पहाड़ ····ऊँचा···· और ····हरा-भरा···· था।

3. **रेखा खींचकर सही मिलान करो—**

**क.** अहिंसा—हिंसा **ख.** नित्य—अनित्य **ग.** इच्छा—अनिच्छा **घ.** दृश्य—अदृश्य **ङ** असफल—सफल

# अभ्यास

पाठ 5 मेट्रो

## पाठ-चर्चा Textual Literacy

**Speaking Skills**

**बताओ—**

1. मेट्रो किस-किस पर भारी है?

उ. ताँगा, मोटर, बस, बाइक अथवा स्कूटर—मेट्रो इन सब पर भारी है।

2. कविता में मेट्रो के लिए किन-किन विशेषणों का प्रयोग किया गया है?

उ. कविता में मेट्रो के लिए पटरानी, दीवानी, मोहक, सुखद, सुहानी और हैरानी आदि विशेषणों का प्रयोग हुआ है।

3. मेट्रो क्या रच रही है?

उ. मेट्रो महानगर के महासफ़र की प्रेम-कहानी रच रही है।

4. कविता का लययुक्त वाचन करो।

❖ शिक्षिका छात्रों को लययुक्त वाचन करने के लिए प्रेरित करें और वाचन करवाएँ।

**लिखो—**

**Writing Skills**

### क. कवितांश Comprehension

**कवितांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

कहीं धरा के नीचे-नीचे..........................................................ऐसा-वैसा।

1. मेट्रो किन-किन मार्गों से गुज़रती है?

उ. मेट्रो ज़मीन के नीचे, धरती पर आकर पुलों पर चढ़कर मीलों दूर तक जाती है।

2. मेट्रो के गहने किसे कहा गया है?

उ. मेट्रो की साफ़-सफ़ाई को उसके गहने कहा गया है।

3. मेट्रो में 'ऐसा-वैसा' क्या नहीं है?

उ. मेट्रो में कहीं भी कूड़ा-करकट और गंदगी नहीं है।

### ख. कुछ शब्दों में in a few words–

1. मेट्रो की सवारी की क्या विशेषता है?

उ. मेट्रो तेज़ चलनेवाली सवारी है। यह सुंदर और साफ़-सुथरी है। इससे कोई प्रदूषण नहीं होता। इसकी यात्रा करने में अद्भुत आनंद आता है। यह मनमोहक और सुविधाजनक है।

2. मेट्रो का शहर के प्रदूषण पर क्या प्रभाव पड़ा?

उ. इसके इंजन से धुआँ नहीं निकलता, इसलिए इससे कोई प्रदूषण नहीं होता। इससे शहर के प्रदूषण में कमी आई है।

3. मेट्रो सभी की पसंद कैसे बन गई?

उ. मेट्रो अपनी सुंदरता, साफ़-सफ़ाई और सुविधाजनक यात्रा के कारण सभी की पसंद बन गई।

**ग. अधिकतम शब्दों में in maximum words–**

1. मेट्रो की सवारी 'अद्भुत आनंद' कैसे बन गई?

उ. मेट्रो बहुत तेज़ गति से चलती है, जिससे यात्रा में कम समय लगता है। यह बहुत साफ़-सुथरी है। इससे किसी प्रकार का कोई प्रदूषण नहीं होता। इन सब विशेषताओं से मेट्रो की सवारी 'अद्भुत आनंद' बन गई।

2. मेट्रो को 'पट-रानी' क्यों कहा गया है?

उ. दुनिया की सभी रेलों की तुलना में मेट्रो रेल सेवा सबसे अधिक सुविधाजनक और आरामदायक है, इसलिए इसे 'पट-रानी' कहा गया है।

3. 'एक नई हैरानी मेट्रो' — मेट्रो को हैरानी क्यों कहा गया है?

उ. यह अपनी तेज़ गति, सुंदरता, साफ़-सफ़ाई और सुख-सुविधाओं से सबको आश्चर्यचकित करती है इसलिए इसे 'एक नई हैरानी' कहा गया है।

4. मेट्रो ने यातायात की समस्या को कैसे हल किया है?

उ. मेट्रो ने कम-से-कम समय में, लंबी-लंबी दूरियों की यात्रा को आसान और सुविधाजनक बनाकर यात्रा की समस्या को हल किया है।

## मूल्याधारित प्रश्न VBQs

**Analytical Skills**

1. शहर के विकास और यातायात के साधनों में क्या संबंध है? लिखो।

उ. शहर के विकास और यातायात के साधनों में गहरा संबंध है। शहर का विकास यातायात के साधनों के विकास पर निर्भर है। यातायात के साधनों का सर्वसुलभ और सुविधाजनक होना शहर के विकास पर निर्भर है।

2. क्या यातायात के विभिन्न साधनों में हमारा व्यवहार और अनुशासन भी अलग-अलग होता है? सोचकर लिखो। **HOTS**

उ. यातायात के अलग-अलग साधनों का प्रयोग करने से व्यवहार और अनुशासन में कोई परिवर्तन नहीं होता, एक जैसा रहता है। हमें अपने सहयात्रियों और वाहन कर्मचारियों के साथ विनम्र बने रहना चाहिए। यातायात के साधनों के प्रयोग में निर्धारित नियमों का पालन करना चाहिए।

3. आवागमन के साधनों में मेट्रो सर्वोत्तम कैसे है?

उ. आवागमन के साधनों में मेट्रो रेल को सर्वोत्तम माना गया है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता है कि यह बहुत कम समय में अधिक दूरी तय करती है। यह साफ़-सुथरी है। इसके स्टेशन भी साफ़-सुथरे बनाए गए हैं। इसकी यात्रा करने के लिए टिकट खिड़की पर लंबी-लंबी कतारों में नहीं लगना पड़ता। इसके लिए देर तक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती। तीन से दस मिनट के अंतराल में दूसरी मेट्रो आ जाती है। इसकी एक खूबी यह भी है इससे किसी तरह का प्रदूषण नहीं फैलता। इसकी यात्रा सुविधाजनक और आरामदायक है।

## भाषा-सरिता Language

**Thinking Skills**

**1. वर्ण-विच्छेद करो—**

क. अद्भुत — "अ"+"द्"+"भ्"+"उ"+"त्"+"अ"

ख. बौद्ध — "ब्"+"औ"+"द्"+"ध्"+"अ"

ग. प्रभात — "प्"+"र्"+"अ"+"भ्"+"आ"+"त्" +"अ"

घ. आभारी — "आ"+"भ्"+"आ"+"र्"+"ई"

ङ. मेट्रो — "म्"+"ए"+"ट्"+"र्"+"ओ"

च. कृपा — "क् "+"ऋ"+"प्"+"आ"

2. **नीचे लिखे शब्दों और अर्थों के सही जोड़े बनाकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| क. | लोभी | कमज़ोर | लोभी–लालची |
| ख. | संदूक | आश्चर्य | संदूक–बक्सा |
| ग. | निर्बल | खुशी | निर्बल–कमज़ोर |
| घ. | हैरानी | बक्सा | हैरानी–आश्चर्य |
| ङ. | आनंद | लालची | आनंद–खुशी |

3. **दिए गए शब्दों के अर्थ लिखो—**

क. कुल — वंश
कूल — किनारा

ख. ग्रह — नक्षत्र, तारे
गृह — घर

ग. दिन — दिवस
दीन — दुखी

घ. प्रमाण — सबूत
प्रणाम — अभिवादन

# विषय संवर्धन गतिविधियाँ (SEA)